**Sub. Code: 302**

Roll No. __________

Please Check that this question paper contains 14 questions and 08 printed pages

# DAV INSTITUTIONS, CHHATTISGARH

## SAMPLE QUESTION PAPER – 1 : 2023-24

**Class: XII**

**Time Allowed : 3 hrs.** **Subject – Hindi (Core)** **Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र मे दो खंड है - खंड 'अ' और 'ब'। कुल प्रश्न 14 हैं।
- खंड 'अ' में उप - प्रश्नों सहित 40 वस्तूपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड 'अ' (वस्तूपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- 10x1=10**

प्रकृति वैज्ञानिक और कवि दोनों की ही उपास्या है। दोनों ही उससे निकटतम संबंध स्थापित करने की चेष्टा करते हैं, किंतु दोनों के दृष्टिकोण में अंतर है। वैज्ञानिक प्रकृति के बाह्य रूप का अवलोकन करता है और सत्य की खोज करता है, परंतु कवि बाह्य रूप पर मुग्ध होकर भावों का तादात्म्य स्थापित करता है। वैज्ञानिक प्रकृति की जिस वस्तु का अवलोकन करता है, उसका सूक्ष्म निरीक्षण भी करता है। चंद्र को देखकर उसके मस्तिष्क में अनेक विचार उठते हैं। इसका तापक्रम क्या है, कितने वर्षों में वह पूर्णतः शीतल हो जाएगा। ज्वार-भाटे पर इसका क्या प्रभाव होता है, किस प्रकार और किस गति से वह सौरमंडल में परिक्रमा करता है और किन तत्वों से इसका निर्माण हुआ है। वह अपने सूक्ष्म निरीक्षण और अनवरत चिंतन से उसको एक लोक ठहराता है और उस लोक में स्थित ज्वालामुखी पर्वतों तथा जीवधारी की खोज करता है। इसी प्रकार वह एक प्रफुल्लित पुष्प को देखकर उसके प्रत्येक अंग का विश्लेषण करने को तैयार हो जाता है। उसकी प्रकृति विषयक अध्ययन वास्तुगत होता है। उसकी दृष्टि में विश्लेषण और वर्ग विभाजन की प्रधानता रहती है वह सत्य और वास्तविकता का पुजारी होता है कवि की कविता भी प्रत्यक्षावलोकन से प्रस्फुटित होती है। वह प्रकृति के साथ अपने भावों का संबंध स्थापित करता है। वह उसमे मानव चेतना का अनुभव करके उसके साथ अपनी आंतरिक भावनाओं का समन्वय करता है। वह तथ्य और भावना के संबंध पर बल देता है वह नग्न सत्य का उपासक नहीं हो सकता। उसका वस्तु वर्णन हृदय की प्रेरणा का परिणाम होता है, वैज्ञानिक मस्तिष्क की यांत्रिक प्रक्रिया नहीं।

**(i)** निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

**कथन (A)** प्रकृति वैज्ञानिक और कवि दोनों की ही उपास्या है।

**कारण (R)** अतः कवि और वैज्ञानिक दोनों का दृष्टिकोण प्रकृति के प्रति एक जैसा है।

**(क)** कथन (A) कारण (R) दोनों सही है

**(ख)** कथन (A) कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**(ग)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है

**(घ)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

**(ii)** प्रकृति का अवलोकन और निरीक्षण कौन करता है?

**(क)** वैज्ञानिक **(ख)** कवि

**(ग)** उपन्यासकार **(घ)** चित्रकार

**(iii)** प्रकृति में मानव चेतना का अनुभव कौन करता. है?

**(क)** कवि **(ख)** वैज्ञानिक

**(ग)** मस्तिष्क **(घ)** शायर

**(iv)** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

**(I)** वैज्ञानिक प्रकृति के बाह्य रूप का अवलोकन करके सत्य की खोज करता है।

**(II)** कवि प्रकृति के बाहय रूप पर मुग्ध होकर भावों का तादात्म्य में स्थापित करता है।

(III) कवि और वैज्ञानिक दोनों ही सत्य को उद्घाटित करते हैं

(IV) कवि और वैज्ञानिक दोनों ही का प्रकृति से निकटतम संबंध है।

**गद्यांश के अनुसार कौन सा / से कथन सही हैं?**

**(क)** कथन (I) एवं (III) सही हैं। **(ख)** कथन (III) एवं (IV) सही हैं।

**(ग)** कथन (I) (II) एवं (IV) सही हैं। **(घ)** कथन (II) एवं (IV) सही हैं।

**(v)** प्रफुल्लित पुष्प के प्रत्येक अंग का विश्लेषण कौन करता है?

**(क)** डॉक्टर **(ख)** इंजीनियर

**(ग)** कवि **(घ)** वैज्ञानिक

**(vi)** कौन अनवरत चिंतन करता है?

**(क)** ध्यानविलीन योगी **(ख)** अवसादग्रस्त व्यक्ति

**(ग)** विज्ञानोंपासक **(घ)** सुक्ष्माचारी

**(vii)** वैज्ञानिक अपने सूक्ष्म निरीक्षण और चिंतन से किसको एक लोक के रूप में मान्यता देता है?

**(क)** चंद्रमा को **(ख)** पृथ्वी को

**(ग)** प्रकृति को **(घ)** सूर्य को

**(viii)** कवि जब प्रकृति का प्रत्यक्षावलोकन करता है तब क्या प्रकट होती है?

**(क)** कहानी **(ख)** वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**(ग)** कविता **(घ)** रहस्य

**(ix)** सूक्ष्म निरीक्षण और अनवरत चिंतन से क्या तात्पर्य है?

**(क)** बारीकी से सोचना और निरंतर देखना **(ख)** सौरमंडल को एक लोक और परलोक ठहराना

**(ग)** बारीकी से देखना और निरंतर सोचना **(घ)** छोटी-छोटी सी बातों पर चिंता करना

**(x)** 'उस लोक में स्थित ज्वालामुखी पर्वतों तथा जीवधारी की खोज करता है' इस कथन में उस लोक किसके संदर्भ में कहा गया है?

**(क)** चंद्रमा **(ख)** पृथ्वी

**(ग)** तारे **(घ)** सूर्य

**प्रश्न 2. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - 5x1=5**

लोहे के पेड़ हरे होंगे,
तू गान प्रेम का गाता चल,
नम होगी यह मिट्टी ज़रूर,
आँसू के कण बरसाता चल।

सिसकियों और चीत्कारों से,
जितना भी हो आकाश भरा,
कंकालों के हों ढेर,
खप्परों से चाहे हो पटी धरा ।

आशा के स्वर का भार,
पवन को लेकिन, लेना ही होगा,
जीवित सपनों के लिए मार्ग
मुर्दों को देना ही होगा।

रंगों के सातों घट उँड़ेल,
यह अँधियारी रँग जायेगी,
ऊषा को सत्य बनाने को
जावक नभ पर छितराता चल।

आदर्शों से आदर्श भिड़े,
प्रज्ञा प्रज्ञा पर टूट रही
प्रतिमा प्रतिमा से लड़ती है,
धरती की किस्मत फूट रही।

आवर्तों का है विषम जाल,
निरुपाय बुद्धि चकराती है,
विज्ञान-यान पर चढ़ी हुई
सभ्यता डूबने जाती है।

जब-जब मस्तिष्क जयी होता,
संसार ज्ञान से चलता है,
शीतलता की है राह हृदय,
तू यह संवाद सुनाता चल।

**(i)** उपर्युक्त कविता में लोहे के पेड़ किसके प्रतीक है?

**(क)** नकली पेड़ **(ख)** मशीनें

**(ग)** मशीनी संस्कृति **(घ)** विज्ञान

**(ii)** प्रेम की भावना से इस बौद्धिक संसार पर विजय पाई जा सकती है। यह भाव किस पंक्ति से व्यंजित हो रहा है?

**(क)** जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा

**(ख)** आशा के स्वर का भार पवन को लेकिन लेना ही होगा

**(ग)** जब-जब मस्तिष्क है जयी होता संसार ज्ञान से चलता है

**(घ)** शीतलता की है हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल

**(iii)** 'नम होगी यह मिट्टी जरूर' कह कर कवि किस ओर संकेत कर रहा है?

**(क)** प्रेम के बल पर शुष्क हृदयों में भाव भरे जा सकते हैं

**(ख)** सूखी आँखें फिर आँसुओं से नम हो जाएगी

**(ग)** वर्षा न होने के कारण सूखी मिट्टी वर्षा आने पर नम जरूर हो जाएगी

**(घ)** इतने आँसू बहाओ कि मिट्टी गीली हो

**(iv)** दुख और निराशा के वातावरण में मनुष्य का क्या कर्तव्य होना चाहिए?

**(क)** विज्ञान यान पर सवार हो **(ख)** सपने देखे और साकार करें

**(ग)** आशा का संचार करें **(घ)** मिट्टी नम करें

**(v)** 'खप्परों से चाहे हो पटी धरा' से क्या आशय है?

**(क)** युद्ध के विनाश से भरी धरती **(ख)** शिव जी का तांडव नृत्य

**(ग)** जमीन पर खप्पर पड़े रहना **(घ)** आतंकवाद का असर

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों मे से निर्देशानुसार उचित विकल्पों का चयन कीजिए। 5x1=5**

**(i)** किसी भी खबर का घटना स्थल से सीधा प्रसारण क्या कहलाता है?

**(क)** फ्लैश **(ख)** ब्रेकिंग न्यूज़

**(ग)** फोन इन वन **(घ)** लाइव

**(ii)** समाचार लेखन की सबसे प्रभावशाली शैली कौन सी है?

**(क)** सीधा पिरामिड शैली **(ख)** उल्टा पिरामिड शैली

**(ग)** व्यंग्यात्मक शैली **(घ)** संवादात्मक शैली

**(iii)** लोकतंत्र का चौथा स्तंभ किसे कहा गया है?

**(क)** पत्रकार को **(ख)** मीडिया को

**(ग)** जनता को **(घ)** न्यायपालिका को

**(iv)** निम्नलिखित में से कौन सा टीवी खबरों का चरण नहीं है?

**(क)** एंकर बाइट **(ख)** डेस्क

**(ग)** फ्लैश **(घ)** लाइव

**(v)** संवाददाता के कार्य का विभाजन उसकी रुचियो और ज्ञान को ध्यान में रखकर करने को मीडिया की भाषा में क्या कहते हैं?

**(क)** डेडलाइन **(ख)** बाइट्स

**(ग)** डेस्क **(घ)** बीट

**प्रश्न 4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिये -** **5x1=5**

जथा पंख बिनु खग अति दीना

मनि बिनु फनि करिबर कर हीना

अस मम जिवन बंधु बिन तोही

जौ जड़ देव जिआवै मोहि

जैहउँ अवध कवन मुहुँ लाई

नारी हेतु प्रिय भाई गँवाई

बरु अपजस सहतेऊँ जग माही

नारि हानि विसेष छति नाहीं

**(i)** नारि हानि विसेष छति नाहीं' पंक्ति में कौन सा भाव व्यक्त हुआ है?

**(क**) हर्ष का　　**(ख)** भातृ प्रेम की समाप्ति का

**(ग)** पत्नी के वियोग से उत्पन्न कष्ट का　　**(घ)** भाई के वियोग से उत्पन्न कष्ट का

**(ii)** भाई के बिना जीवन की तुलना किससे की गई है?

**(क)** पंख के बिना पक्षी से　　**(ख)** मणि के बिना साँप से

**(ग)** सूँड़ के बिना हाथी से　　**(घ)** उपरोक्त सभी से

**(iii)** राम किसकी तुलना में अपने भाई को अधिक महत्व दे रहे हैं?

**(क)** धन की　　**(ख)** पत्नी की

**(ग)** राज्य की　　**(घ)** पुत्र की

**(iv)** राम को लक्ष्मण के बिना अयोध्या जाने से क्या सहना पड़ेगा ?

**(क)** कटु वचन　　**(ख)** ग्लानिन

**(ग)** आमोद　　**(घ)** विषाद

**(v)** राम द्वारा किसकी हानि सहन कर पाना कठिन हो रहा है?

**(क)** लक्ष्मण की　　**(ख)** स्त्री की

**(ग)** पिता की　　**(घ)** माता

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए -** **5x1=5**

शिरीष के वृक्ष बड़े और छायादार होते हैं। पुराने भारत का रईस जिन मंगल-जनक वृक्षों को अपनी वृक्ष-वाटिका की चारदिवारी के पास लगाया करता था, उसमें एक शिरीष भी है। (वृहतसंहिता 55,13) अशोक, अरिष्ट, पुन्नाग और शिरीष के छायादार और घनमसृण हरितिमा से परिवेष्टित वृक्ष वाटिका जरूर बड़ी मनोहर दिखती होगी। वात्स्यायन ने कामसूत्र में बताया है कि वाटिका के सघन छायादार वृक्षों की छाया में ही झूला (प्रेंखा,दोला) लगाया जाना चाहिए। यद्यपि पुराने कवि बकुल के पेड़ में ऐसी दोलाओं को लगा देखना चाहते थे, पर शिरीष भी क्या बुरा है। डाल इसकी अपेक्षाकृत कमजोर होती है, पर उसमें झूलने वालियों का वजन भी तो बहुत ज्यादा नहीं होता। कवियों की यही तो बुरी आदत है कि वजन का एकदम ख्याल नहीं करते।

**(i)** गद्यांश के अनुसार शिरीष के वृक्ष की क्या विशेषता होती है?

**(क)** फल एवं फूल विहीन **(ख)** हरे और पीले

**(ग)** सूक्ष्म और फलदार **(घ)** बड़े और छायादार

**(ii)** वात्स्यायन के अनुसार झूला कहाँ लगाना चाहिए?

**(क)** बगीचे के मजबूत पेड़ों की डालियों में **(ख)** नदी के किनारे वृक्षों की है छाया मे

**(ग)** जंगल के विशाल वृक्षों की छाया में **(घ)** बगीचे के घने छायादार वृक्षों की छाया में

**(iii)** लेखक को कवियों की कौन सी बात बुरी लगती है?

**(क)** उनका अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन करना **(ख)** वे प्राकृतिक चित्रण उचित प्रकार से नहीं करते

**(ग)** वे नायिकाओं की वजन का ख्याल नहीं रखते **(घ)** उपरोक्त सभी

**(iv)** 'डाल इसकी अपेक्षाकृत कमजोर जरूर होती है' पंक्ति में इसकी शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

**(क)** अशोक वृक्ष **(ख)** अरिष्ट वृक्ष

**(ग)** शिरीष वृक्ष **(घ)** उपरोक्त सभी

**(v)** परिवेष्टित' शब्द का क्या अर्थ है?

**(I)** ढका हुआ

**(II)** बिखरा हुआ

(III) खुला हुआ

(IV) आच्छादित

**गद्यांश के अनुसार कौन सा / से कथन सही हैं?**

**(क)** कथन (I) एवं (III) सही हैं। **(ख)** कथन (I) एवं (IV) सही हैं।

**(ग)** कथन (I) (II) एवं (IV) सही हैं। **(घ)** कथन (I) एवं (II) सही हैं।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए - 10x1=10**

**(i)** जूझ' के कथानायक का क्या नाम बताया गया है?

**(क)** आनंदा **(ख)** दत्ता जी राव

**(ग)** कमल आनंद **(घ)** मोहन आनंद

**(ii)** यशोधर बाबू की पत्नी मूल संस्कारों से आधुनिक न होते हुए भी आधुनिकता में कैसे ढल गई ?

**(क)** बच्चों की तरफदारी करने की मातृसुलभ मजबूरी के कारण

**(ख)** मन की इच्छा से

**(ग)** वक़्त को देखते हुए

**(घ)** उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**(iii)** यशोधर पंत ऑफिस के बाद प्रतिदिन कौन से मंदिर जाते थे ?

**(क)** बिड़ला मंदिर **(ख)** अक्षरधाम मंदिर

**(ग)** गौरीशंकर मंदिर **(घ)** योगमाया मंदिर

**(iv)** सिल्वर वैडिंग' पर भूषण ने अपने पिता को क्या उपहार दिया?

**(क)** घड़ी **(ख)** ऊनी ड्रेसिंग गाउन

**(ग)** पैंट **(घ)** पैंट और कमीज़

**(v)** ‘मुअनजो-दड़ो के सबसे ऊँचे चबूतरे पर क्या विद्यमान है?

**(क)** मदिर | **(ख)** बौद्ध स्तूप की

**(ग)** विशाल भवन | **(घ)** राजमहल

**(vi)** मुअनजो-दड़ो का क्या अर्थ है?

**(क)** ऊंचाई का घर | **(ख)** राष्ट्रीय संग्रहालय

**(ग)** मृतकों का टीला | **(घ)** मोहन का टीला

**(vii)** मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को किस गाँव की याद आई?

**(क)** कुलघड़ा | **(ख)** कुलधरा

**(ग)** शुभधरा | **(घ)** बुलधरा

**(viii)** जूझ' उपन्यास मूलतः किस भाषा में रचित है?

**(क)** ब्रज | **(ख)** गुजराती

**(ग)** मराठी | **(घ)** अवधी

**(ix)** पढ़ाई के लिए लेखक अपनी माँ के साथ किसके पास गया?

**(क)** दत्ता जी राव | **(ख)** दादा

**(ग)** सौंदलगेकर | **(घ)** इनमें से कोई

**(x)** जूझ' कहानी से लेखक की किस प्रवृत्ति का उद्घाटन हुआ है?

**(क)** पढ़ने की प्रवृत्ति का | **(ख)** कविता करने की प्रवृत्ति का

**(ग)** लेखन प्रवृत्ति का | **(घ)** संघर्षमयी प्रवृत्ति का

## खंड ‘ब’ (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 7. दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों मे रचनात्मक लेख लिखिए - 6x1=6**

**(क)** विद्यालय से लौटते हुए जाम में फँस जाना **(ख)** फैशन का बढ़ता चलन

**(ग)** परीक्षा में तनाव के कारण और इसे रोकने के उपाय

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों मे निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 2x2=4**

**(i)** रेडियो नाटक की कहानी चुनते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

**अथवा**

अच्छे पत्रकारिय लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य बातें कौन-कौन सी हैं?

**(ii)** कहानी को नाटक में रूपांतरित करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

**अथवा**

रेडियो नाटक में ध्वनि संकेतों का क्या महत्व है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों मे दीजिए - 3x2=6**

**(i)** उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं? इस शैली में समाचार लेखन की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

**(ii)** पत्रकारिता के प्रमुख प्रकार कौन- कौन से हैं? उनका नाम लिखते हुए संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**(iii)** इंटरनेट को जनसंचार का नया माध्यम कहा जाता है। क्यों?

**प्रश्न 10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों मे दीजिए - 3x2=6**

**(क)** 'बच्चे किस बात की आशा में नीडो से झाँक रहे होंगे**?** दिन जल्दी-जल्दी ढलता है कविता के आधार पर लिखिए।

**(ख)** 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए कि भाषा के चक्कर में कभी-कभी सीधी बात भी टेढ़ी कैसे हो जाती है**?**

**(ग)** 'विप्लव-रव से छोटे ही है शोभा पाते' पंक्ति में विप्लव-रव से क्या तात्पर्य है**? '**छोटे ही हैं शोभा पाते' कवि ने ऐसा क्यों कहा है**?**

**प्रश्न 11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों मे दीजिए - 2x2=4**

**(क)** पतंगों के साथ-साथ वह भी उड़ रहे हैं बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है?पतंग कविता के आधार पर लिखिए।

**(ख)** 'रस का अक्षयपात्र' कहकर कवि ने रचना कर्म की किन विशेषताओं की ओर इंगित किया है? छोटा मेरा खेत कविता के आधार पर लिखिए।

**(ग)** सूर्योदय होने के साथ ही उषा का जादू किस प्रकार टूटने लगा है? उषा कविता के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों मे दीजिए - 3x2=6**

**(क)** महादेवी वर्मा और भक्तिन के संबंधों की तुलना किनसे की गई है और क्यों?

**(ख)** लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है? शिरीष के फूल पाठ के आधार पर लिखिए।

**(ग)** जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे डॉक्टर अंबेडकर के क्या तर्क है?

**प्रश्न 13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों मे दीजिए - 2x2=4**

**(क)** पहलवान की ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

**(ख)** मेंढक मंडली पर पानी डालने को लेकर लेखक और जीजी के विचारों में क्या भिन्नता थी? 'काले मेघा पानी दे' पाठ पाठ के आधार पर लिखिए।

**(ग)** हजारी प्रसाद द्विवेदी ने शिरीष के संदर्भ में महात्मा गांधी का स्मरण क्यों किया स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 14. वितान पर आधारित निम्नलिखित तीन मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों मे दीजिए - 2x2=4**

**(क)** पुरातत्व के किन चिन्हों के आधार पर आप कह सकते हैं कि "सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी?"

**(ख)** 'सिल्वर वेडिंग' कहानी आधुनिक समय में हो रहे जीवन मूल्यों के विघटन को प्रदर्शित करती है। स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया? जूझ पाठ के आधार पर लिखिए।